दिन– शनिवार दिनांक– 26 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा। गणना फॉर्म जमा कराने की आज अंतिम तिथि।

02. सत्रहवीं बिहार विधानसभा के अंतिम सत्र की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। कुल तेरह राजकीय विधेयकों को मिली स्वीकृति।

03. देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में शहीदों को दी जा रही श्रद्धांजलि।

04. और, गंगा नदी के कटाव से भोजपुर और भागलपुर जिले में कई घर नदी के गर्भ में समाये। राहत और बचाव कार्य जारी।

---

प्रदेश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा किया जा चुका है। चुनाव आयोग ने कहा है कि अब तक सात करोड़ तेईस लाख मतदाताओं ने गणना प्रपत्र जमा कर दिये हैं। आयोग ने कहा कि इन सभी मतदाताओं का नाम एक अगस्त को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूची प्रारूप में शामिल किया जाएगा। आयोग के अनुसार एक लाख दो हजार मतदाताओं के गणना प्रपत्र अभी नहीं मिले हैं। वहीं, लगभग बाईस लाख मतदाता मृत पाए गए हैं। आयोग ने कहा कि लगभग पैंतीस लाख मतदाता स्थायी रूप से विस्थापित हो चुके हैं और सात लाख मतदाता एक से अधिक जगहों पर पंजीकृत हैं। आज गणना प्रपत्र जमा करने का अंतिम दिन है। मतदाता–सूची का प्रारूप एक अगस्त को प्रकाशित किया जायेगा। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची के प्रारूप में नहीं होंगे, वे एक अगस्त से एक सितंबर के बीच दावा–आपत्ति कर सकेंगे। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन तीस सितम्बर को किया जाएगा।

---

सत्रहवीं बिहार विधानसभा के अंतिम सत्र की कार्यवाही कल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी। कल मॉनसून सत्र का अंतिम दिन था। विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने कहा कि सत्र में कुल तेरह राजकीय विधेयकों को स्वीकृति मिली। सात अल्प सूचित, पांच सौ छियालीस तारांकित और चौंसठ अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुये। सत्र के दौरान कुल अंठानवे ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने

अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ कर्तव्य का निर्वहन किया। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सदस्यों को शुभकामनाएं दी।

---बाईट---

--------------------------------

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर सोमवार को लोकसभा में विशेष चर्चा होगी। श्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

--------------------------------

प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना, ग्रामीण के लिए अब तक तेईस हजार चौदह भूमिहीन लाभार्थियों को चयनित किया गया है। इनमें से ग्यारह हजार सात सौ उनतीस लाभार्थियों को भूमि आवंटित कर दी गयी है। राज्यसभा में सांसद भीम सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉक्टर चन्द्रशेखर पेम्मासानी ने यह जानकारी दी।

--------------------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना के तहत अब सभी पात्र पत्रकारों को छह हजार रूपये की जगह पन्द्रह हजार रूपये मासिक पेंशन देने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि योजना के तहत पेंशन प्राप्त कर रहे पत्रकारों की मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित पति–पत्नी को अब जीवनभर दस हजार रूपये की पेंशन राशि मिलेगी। पहले यह राशि तीन हजार रूपये थी।

--------------------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मधुबनी जिले में आज छह सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन योजनाओं में पुरानी कमला और जीवछ कमला नदी का पुनर्जीविकरण, माता सीता और प्रभु श्री राम के प्रथम मिलन स्थल फुल्हर स्थान का पर्यटक स्थल के रूप में विकास कार्य शामिल हैं। इसके अलावा मुख्यमंत्री जयनगर शहीद चौक के पास रेल ओवर ब्रिज और मधुबनी में अन्तरराज्यीय बस अड्डे का निर्माण कार्य का शिलान्यास भी करेंगे।

--------------------------------

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने जन वितरण प्रणाली की डिजिटल निगरानी की व्यवस्था शुरू की है। विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इसके लिए **अन्न पर्यवेक्षण कवच** नाम से एक अत्याधुनिक प्रणाली की शुरूआत की गयी है।

इसके तहत खाद्यान्न ढुलाई में प्रयुक्त होने वाले हर वाहन को जीपीएस और लोड शेड तकनीक से लैस किया गया है।

————————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना में सहजन के पत्ते को शामिल किया जायेगा। मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक विनायक मिश्र ने बताया कि सहजन की पौष्टिकता को देखते हुये इसे मेन्यू शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को आदेश जारी कर दिया है।

————————————————————————

आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने पेपर लीक गिरोह के सरगना संजीव मुखिया समेत चार अभियुक्तों की सम्पत्ति जब्त करने का प्रस्ताव प्रवर्तन निदेशालय को भेजा है। ईओयू के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लो ने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जल्द ही उनकी सम्पत्ति जब्त की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अब तक ईओयू ने पचपन अपराधियों को चिन्हित कर उनकी सम्पत्ति जब्त करने का प्रस्ताव प्रर्वतन निदेशालय को भेजा है।

————————————————————————

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर देश वर्ष उन्नीस सौ निन्यानवे में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों नमन कर रहा है। एक रिपोर्ट—

———रिपोर्ट———

इधर, राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग—अलग हिस्सों में करगिल विजय दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। करगिल युद्ध में भाग लेने वाले बेगूसराय के कैप्टन रामकृष्ण पाठक ने युद्ध से जुड़े अपने अनुभव आकाशवाणी समाचार के साथ साझा किये।

———बाईटा———

बेगूसराय के ही सिग्नल कोर के जवान भवेश कुमार ने भी करगिल युद्ध से जुड़े अपने अनुभव साझा किये।

———बाईट———

————————————————————————

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में फरक्का बराज के सभी फाटक खोले जाने के बाद गंगा नदी के जलस्तर में कमी आई है। नदी का जलस्तर पटना के गांधी घाट

और हाथीदह में खतरे के निशान से नीचे आ गया है। वहीं, नदी भागलपुर के कहलगांव में अब भी खतरे के निशान से ऊपर बनी हुई है। इस बीच, नदी के कटाव से भोजपुर जिले के शाहपुर के जबनिया गांव में ग्यारह घर पानी में समा गये। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित इलाकों में युद्धस्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। इधर, भागलपुर जिले में गंगा नदी के कटाव से स्थिति गम्भीर होती जा रही है। घोषपुर, चाईचक, संतनगर, कालीघाट और ममथा के निचले हिस्सों में कटाव हो रहा है। जल संसाधन विभाग की ओर से परपोपाईन और बांस–बल्ली डालकर कटाव रोकने की कोशिश की जा रही है। इधर, बूढ़ी गंडक नदी खगड़िया में अभी भी लाल निशान से ऊपर बह रही है। हालांकि नदी के जलस्तर में कमी की प्रवृति देखी जा रही है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है और नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है।

————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, राज्य के पश्चिमी और मध्य भागों में भी कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश का पूर्वानुमान है।

————————————————————

प्रदेश में सत्रह लाख हेक्टेयर कृषि भूमि में धान की रोपनी का कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं, दो लाख हेक्टेयर में मक्का की रोपनी की गयी है। कृषि विभाग के प्रधान सचिव पंकज कुमार ने पटना में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से खरीफ मौसम की कृषि गतिविधियों की समीक्षा की।

————————————————————

बेगूसराय जिले के नावकोठी थाना क्षेत्र अन्तर्गत पीर नगर में एक शौचालय की टंकी की शटरिंग खोलने के दौरान दम घुटने से दो सगे भाईयों की मौत हो गयी।

————————————————————

गयाजी के वजीरगंज थाना क्षेत्र के बिहिआइन गांव में आपसी विवाद में आईटीबीपी के एक जवान संजय कुमार की पीट–पीट कर हत्या कर दी गयी। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

बेगूसराय नगर थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड से पुलिस ने पचास लाख रुपए मूल्य की हेरोईन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने बिहार विधानमंडल के मानसून सत्र के समापन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– अंतिम सत्र का अवसान भी असहज।

प्रभात खबर ने इसी खबर का शीर्षक दिया है– वोटर लिस्ट के शोर में डूबा मॉनसून सत्र पांच दिन में सात घंटे ही चल सका।

आज अखबार ने लिखा है– बिहार विधान परिषद के सदस्य भी अब विधायक कहे जायेंगे।

दैनिक भास्कर ने करगिल दिवस पर अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– देहरादून की विक्रम बत्रा मेस में शहीदों के लिए आज भी सजती डायनिंग टेबल।

दैनिक जारगण सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखता है– व्यवस्थागत विफलता दर्शाती है युवाओं की आत्महत्याएं।

राष्ट्रीय सहारा की प्रमुख खबर है अश्लील सामग्री परोसने पर पच्चीस ओटीटी एप पर प्रतिबंध।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक निन्यानवे दशमलव आठ प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का सत्यापन पूरा। गणना फॉर्म जमा कराने की आज अंतिम तिथि।

02. सत्रहवीं बिहार विधानसभा के अंतिम सत्र की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित। कुल तेरह राजकीय विधेयकों को मिली स्वीकृति।

03. देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेश के अलग–अलग हिस्सों में शहीदों को दी जा रही श्रद्धांजलि।

04. और, गंगा नदी के कटाव से भोजपुर और भागलपुर जिले में कई घर नदी के गर्भ में समाये। राहत और बचाव कार्य जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।